# <u>फ़नडे गतिविधि रिपोर्ट 2024-25</u>

**06 अप्रैल 2024-**

एक मास पी.टी. का संचालन श्रीमती एल.के.रंधावा द्वारा किया गया I इसके बाद एक आइस ब्रेकर सत्र आयोजित किया गया, छात्रों को अपने पसंदीदा क्षणों के बारे में एक छोटी कहानी के साथ अपना परिचय देने के लिए कहा गया। भागीदारी का स्तर अत्यधिक उत्साहपूर्ण था। उसके बाद उन्होंने क्राफ्ट किया और फिर म्यूजिकल टेबल्स श्री संकेत नागपुरकर द्वारा ली गयी।



कागज शिल्प



कागज शिल्प

**20 अप्रैल 2024-**

विद्यार्थियों के लिए एक फिल्म शो का आयोजनकिया गया।उसके बाद कहानी कथन, पुस्तक वाचन और चित्रकारी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने काफी रोचक कहानियां प्रस्तुत कीं I उन्होंने खेल भी खेले और योग भी किये I



खेल




कहानी कथन

**<u>27 अप्रैल 2024-</u>**

नृत्य गतिविधि और कविताओं के सस्वर वाचन के बाद "विभिन्न फलों और सब्जियों की भूमिका निर्वहन" की एक गतिविधि आयोजित की गई। उन्हें प्रभावी संचार पर सुझाव दिए गए और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। उन्होंने चुंबकों के साथ आनंद भी लिया।



भूमिका निर्वहन



चुंबकों के साथ आनंद

**<u>22 जून 2024-</u>**

छात्रों ने रंगों और उनके संयोजन की गतिविधि की, उसके बाद योग सत्र और शारीरिक गतिविधि की। उसके बाद "मैं कौन हूँ?"विषय पर कला और शिल्प की एक गतिविधि का आयोजन किया गया था।



योग




रंगों के साथ खेल



मै कौन हूँ?

**29 जून 2024-**

छात्रों के लिए म्यूजिकल चेयर की एक जीवंत और मनोरंजक गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसके बाद विषय - 'पानी बचाओ' पर पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के खेल खेले और कला और शिल्प का काम किया। इसके बाद कक्षा 5 में एमडीपी के तहत वर्षा जल संचयन मॉडल बनाने की गतिविधि आयोजित की गई।



म्यूज़िकल चेयर



पानी बचाओ



वर्षा जल संचयन

**06 जुलाई 2024-**

प्राथमिक छात्रों के लिए एक फिल्म शो का आयोजन किया गया, जिसके बाद उन्होंने खेल खेलने और भूमिका निर्वहन का आनंद लिया, इसके बाद उन्होंने अपनी कल्पना से कहानी बनाई और उसे प्रस्तुत किया। प्रभावी संचार का एक सत्र भी आयोजित किया गया। उन्होंने गीत गायन का भी आनंद लिया।



कहानी प्रस्तुतीकरण



खेल



भूमिका निर्वहन

**<u>20 जुलाई 2024-</u>**

विद्यार्थियों की शारीरिक सक्रियता को बढ़ावा देने के लिए कक्षावार दौड़ का आयोजन किया गया। इसके बाद कहानी कथन का सत्र हुआ, उन्होंने किताबें पढ़ने का आनंद लिया और एक लघु नाटिकाभी की।



दौड़



लघु नाटिका



पुस्तक वाचन

**<u>27 जुलाई 2024-</u>**

फनडे की शुरुआत नृत्य की गतिविधि से हुई, छात्रों ने संगीत पर नृत्य का आनंद लिया, इसके बाद ब्लॉक पेंटिंग, स्प्रे पेंटिंग और ट्रेसिंग की गतिविधि हुई और उन्होंने अलग-अलग किरदारों का अभिनय किया।



नृत्य



ब्लॉक पेंटिंग



चींटी का अभिनय

**3अगस्त 2024-**

छात्रों ने गतिविधि "दिखाओ और बताओ" के अंतर्गत हाथ की कठपुतली काप्रयोग कर एक कहानी सुनाई। प्रभावी संचार सत्र आयोजित किया गया, छात्रों को अपने सहयोगियों के साथ संवाद करने और उनके बारे में अधिक जानने में आनंद आया। उसके बाद उन्हें चित्रपूर्ण पुस्तकें पढ़ने और अपने काल्पनिक सुपरहीरो का चित्र बनाने में आनंद आया ।




दिखाओ और बताओ



पुस्तक पठन

**24 अगस्त 2024-**

छात्रों ने वरिष्ठ कला कक्ष में अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी का दौरा किया, उसके बाद उन्होंने विभिन्न वस्तुओं के साथ समुच्चित चित्रकला बनाने, खेल खेलने और कला और शिल्प का आनंद लिया।




समुच्चित चित्रकला



अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी



अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी



खेल

**21 सितंबर 2024-**

कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए एक सामूहिक पी.टी. सत्र आयोजित किया गया। छात्रों ने विभिन्न शैक्षणिक विषयों से संबंधित खेलों में भी भाग लिया।



सामूहिक पी.टी.



खेल

**28 सितंबर 2024-**

यह दिन आनंदपूर्ण गतिविधियों से भरपूर रहा। "डम्ब शराड्स" जैसे खेल में सभी ने अभिनय और अनुमान लगाने का भरपूर आनंद लिया। "फन विद पेपर" गतिविधि में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए आकर्षक पशु आकृतियाँ बनाई।

"वर्गीकरण गतिविधि" के अंतर्गत सभी ने फल एवं सब्ज़ियों को व्यवस्थित करके इस कार्य को रोचक बनाया।



फन विथ पेपर



वर्गीकरण गतिविधि




फन विथ पेपर




डम्ब शराड्स

**5 अक्टूबर 2024-**

आज की गतिविधियों में "लेट्स मेक समथिंग" शामिल थी, जिसमें छात्रों ने ज़मीन से उपलब्ध वस्तुओं का उपयोग कर अनोखी वस्तुएँ बनाई। "भूमिका निर्वहन" गतिविधि ने छात्रों की रचनात्मकता और अभिनय कौशल को प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त, बच्चों ने कठपुतली के माध्यम से रोचक कहानियाँ प्रस्तुत कीं।



लेट्स मेक समथिंग



भूमिका निर्वहन




कठपुतली के माध्यम से कहानी

**27 अक्टूबर 2024 (दीया सजावट गतिविधि)-**

दीया सजावट की गतिविधि में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। उन्होंने रंग-बिरंगे रंगों और सूक्ष्म डिज़ाइनों से दीयों को सजाया। इस आयोजन ने न केवल सांस्कृतिक महत्व को उजागर किया, बल्कि विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा और सृजनात्मकता को भी प्रोत्साहित किया।







**16 नवंबर 2024-**

आज की गतिविधियों में "चित्र पठन " शामिल थी, जिसमें छात्रों ने दिखाए गए चित्रों को देखकर अपनी कल्पनाशक्ति से कहानियाँ बनाई। "साझा करना" गतिविधि के माध्यम से बच्चों को विभाजन का महत्व समझाया गया। "विचार लेखन" ने सभी को अपने विभिन्न विचारों को शब्दों में अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। "फन इन ग्राउंड" में बच्चों ने उत्साहपूर्वक खेलों का आनंद लिया। यह दिन सीखने और आनंद से भरपूर रहा।




चित्र पठन



साझा करना



फन इन ग्राउंड




सुविचार लेखन

**23 नवंबर 2024 -**

आज की गतिविधियों में छात्रों ने "फन विद स्टिक्स" में भाग लिया, जिसमें उन्होंने विभिन्न आकृतियाँ बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। "बुके निर्माण" गतिविधि में छात्रों ने फूलों का उपयोग कर सुंदर गुलदस्ते बनाए। "हैंडबॉल" खेल ने पूरे दिन में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। यह दिन रचनात्मकता, मनोरंजन और टीम भावना का एक उत्कृष्ट संगम रहा।



हैंडबॉल



फन विद स्टिक्स




गुलदस्ता निर्माण

**30 नवंबर 2024-**

आज की गतिविधियों में छात्रों ने पत्थरों की सहायता से विद्यालय का नक्शा बनाया, जिससे उनकी रचनात्मकता और टीम भावना को प्रोत्साहन मिला। इसके अतिरिक्त, उन्होंने वस्तुओं को आकार के अनुसार क्रमबद्ध किया, जिससे उनके तार्किक चिंतन और संगठन कौशल का विकास हुआ।



क्रमबद्ध् संयोजन



नक्शा बनाना

**07 दिसंबर 2024-**

आज की गतिविधियों में छात्रों ने बास्केटबॉल से संबंधित शब्दावली जैसे ड्रिब्लिंग, स्क्वाट स्टांस आदि को सीखा और उनका अभ्यास किया। "हॉपिंग रेस" ने दिन में उत्साह और रोमांच जोड़ा। फलों की पहचान तथा स्वादिष्ट फ्रूट चाट बनाना एक साथ रोचक और शिक्षाप्रद अनुभव रहा। "लाल और पीला " खेल, जिसमें बच्चों को बताए गए रंग पर खड़ा होना था, ने पूरे वातावरण में ऊर्जा और त्वरित सोच का संचार किया।



लाल और पीला



फलों की पहचान



बास्केटबॉल

**21 दिसंबर 2024-**

आज छात्रों ने "भेल" बनाकर स्वादिष्ट नाश्ता तैयार करने का आनंद लिया। इस गतिविधि ने न केवल उनकी सहभागिता को बढ़ाया, बल्कि उन्हें भोजन की महत्ता और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया।



भेल